राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

अर्थशास्त्र विभागीय परिषद – आख्या दिनांक 07 जून 2024

महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग में विभागीय परिषद के अन्तर्गत बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर अर्थशास्त्र– इलेक्टिव माइनर के विद्यार्थियों के बीच ''उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन की संरचना व महत्व'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंजली चौहान, निर्मला जोशी, चांदनी बोहरा, हंसा भट्ट, निकिता बोहरा, दीक्षा, आशा, शोभा चौहान, परी, निर्मला, रेनू विष्ट व निर्मला भट्ट ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के द्वारा राज्य में पर्यटन की संरचना, अद्यतन स्थिति व महत्व पर अपने अपने स्तर से उच्च कोटि के निबन्ध लिखे गये। जिसमें प्रथम स्थान पर अंजली चौहान, द्वितीय स्थान पर चांदनी बोहरा व तृतीय स्थान पर निर्मला जोशी व हंसा भट्ट संयुक्त रूप से प्राप्त किये।

निबन्ध का मूल्यांकन में डॉ0 संजय कुमार, श्रीमती पुष्पा के द्वारा सहयोग किया गया। प्राचार्य द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य प्रो0 डॉ0 अजिता दीक्षित के द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा सभी को शुभकामनाएं दी गयी।

विभाग प्रभारी व असिस्टेन्ट प्रोफेसर अर्थशास्त्र डॉ0 डी0के0गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अर्थशास्त्र विषय वर्तमान व भविष्य में छात्र/छात्राओं/शिक्षार्थियों के कैरियर में रोजगार परक विषय सिद्ध होगा क्यों कि इस विषय के अन्तर्गत सभी आर्थिक मुद्दों, समसामायिक घटना चक्रों, मुद्रा, आय–व्यय व बचत व्यवहार को समझनें, आंकड़ों का विश्लेषण करने, दैनिक जीवन में आगे बढ़ने जैसे लाभप्रद विन्दुओं को समझने में आसानी होती है। कार्यक्रम में डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, डॉ0 पुष्पा, डॉ0 रेखा मेहता के साथ ही कार्यालय प्रधान सहायक श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री दशरथ सिंह बोहरा, श्री महेश लाल उपस्थित रहे।

Dr. Dinesh Kumar Gupta
Assistant Professor
(Economics)
Rajkiya Mahavidyalaya Champawat
(Uttarakhand)

Dr. Ajita Dikshit
Principal
Rajkiya Mahavidyalaya
Amori, Champawat-262523
Uttarakhand